RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 13 अंक : 159 30 सितम्बर, 2018 मूल्य : 20/-



प्रातः स्मरणीय

श्री श्री 1008 संत श्री अजनेश्वरीजी महाराज

के श्री चरणों में सादर प्रणाम

# नागौर में संत शिरोमणी लिखमीदास जी महाराज स्मारक विकास संस्थान के आयोजन की झलकियाँ




















RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# माली सैनी सन्देश

• वर्ष :13 • अंक 159 • 30 सितम्बर, 2018 • • मूल्य : 20/- प्रति •

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**

(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम, जोधपुर)

**संरक्षक :**



**श्रीमान लक्ष्मण सिंह सांखला**

( समाजसेवी/भामाशाह )

**संरक्षक :**



**श्रीमान मोहनसिंह सोलंकी**

( उद्योगपति/समाजसेवी )

**संरक्षक :**



**श्रीमान नरपतसिंह सांखला**

( बिल्डर्स/समाजसेवी )

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**

(जिला - उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**संरक्षक :**



**श्रीमान प्रदीप कच्छवाहा**

( उद्योगपति )

**संरक्षक :**



**श्रीमान ढ़लसिंह गहलोत**

( उद्योगपति/भामाशाह )

**संरक्षक :**



**श्रीमान भगवानसिंह गहलोत**

( उद्योगपति/भामाशाह )

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**

(रितू स्टूडियों मे) 94149 1484

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**

(मो. 94146 02415)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है।

सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

पंजीयन नं. 55/1972-73

दूरभाष : 0291-2543905, 9414495991, 9829030711, 9672444499

## माली संस्थान जोधपुर

नैनूराम अचल स्मृति भवन, महामंदिर, मण्डोर रोड़, जोधपुर ( राज. )

**:: छात्रवृति हेतु सूचना ::**

माली संस्थान जोधपुर द्वारा छात्रवृति 2018 के लिये इच्छुक निर्धारित योग्यताधारी अभयार्थियों से ऑन लाईन आवेदन पत्र (Online Application Form) आर्मत्रित किये जाते है।

1. मेघावी छात्र-छात्राओं का जिनका चयन IIT, CPMT, IIM, NLU, AIEEE अथवा RPMT समकक्ष संस्थान में हआ है।
2. मेघावी छात्र-छात्राओं को जिन्होंने कक्षा दसवीं व बाहरवीं में 75% या अधिक तथा उच्च शिक्षा इजीनियरिंग, मेडिकल/आयुर्वेदिक में 65% या अधिक अंक प्राप्त किये हो।
3. गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के विद्यार्थी व जिनके पिता या संरक्षक आयकरदाता नहीं हो तथा चयन समिति द्वारा आर्थिक स्थिति का आंकलन कर उन्हें छात्रवृति देना प्रस्तावित है।( आवेदन पत्र में संलग्न प्रारूप के अनुसार )
4. ऑनलाईन आवेदन स्वयं के स्तर पर वेबसाइट www.sainimalisamaj.com पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से दिनांक 18 अगस्त 2018 से 15 सितम्बर, 2018 तक किया जा सकता है।
5. आवेदन जमा व प्राप्त करने का स्थल : कार्यालय, माली संस्थान जोधपुर नैनूराम अचल स्मृति भवन, महामंदिर, रोड़, जोधपुर ( राज. )

**निवेदक : अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण माली संस्थान जोधपुर**

# संपादक की कलम से....

सामाजिक कार्यकर्ता समाज का सबसे अहम् जीव होता है, उसके बिना कोई भी सामाजिक कार्यक्रम सफल नहीं होता लेकिन फिर भी उसका पूरा जीवन अजीबोगरीब स्थिति में ही गुजरता है। उसे घर में तो सुनने को मिलता है –"फालतू पंचायती में दिन भर उलझे रहते हो कभी ढंग के काम भी कर लिया करो, यह समाज–वमाज कुछ काम नहीं आने वाला, परिवार पर ध्यान दो, दिन भर निक्कमों की तरह इधर से उधर समाज की पंचायती करते हो, उससे क्या भला होने वाला आदि–आदि" और समाज में उसकी स्थिति यह होती है कि उसे कभी बड़ा पद नहीं दिया जाता क्योंकि बड़े पद पर धनाढ्य वर्ग का एकाधिकार ही होता है और सामाजिक कार्यकर्ता हमेशा गरीब या मध्यम वर्ग परिवार का ही होता है उसके खून में ईमान रचा–बसा होता है।

## सामाजिक कार्यकर्ता समाज का अहम...

वह ईमानदारी से सामाजिक संरचना में अपने आपको इस कदर ओढ़े रहता है कि उसे समाज के अलावा कुछ नहीं दिखता। वह कुछ कर गुजरने की भावना, समाज में आमूलचूल परिवर्तन की भावनाओं में ही अपने दिन–रात व्यतीत करता है और समाज के आला पदाधिकारियों को यही सामाजिक कार्यकर्ता हर छोटे–मोटे काम के लिए याद आता है क्योंकि उसके बिना ना तो उनका वजूद है और ना ही उनके कार्यक्रमों का। वह सामाजिक कार्यकर्ता ही होता है जिसके बदौलत बड़े से बड़े कार्यक्रम सफल होते हैं और नाम आला पदाधिकारियों का होता है वह तो सिर्फ नींव का पत्थर बनकर ही खुश है। यही आला पदाधिकारियों से यदि यह सामाजिक कार्यकर्ता बेवजह मिलने पहुंच जाता है तो वह उसे यूं टकरा देते हैं जैसे उनके घर पर भिखारी आ गया हो। समाज के धनाढ्य वर्ग से जब ये सामाजिक कार्यकर्ता किसी कार्यक्रम के लिए सहयोग मांगने पहुंचता है तो वहां भी इसके साथ भिखारियों जैसा ही बर्ताव होता है। जीवन में कई बार यह सामाजिक कार्यकर्ता ठगा भी जाता है, कभी सहयोग का आश्वासन देकर धनाढ्य वर्ग सम्मानित तो हो जाता है और सहयोग के नाम पर चक्कर पर चक्कर लगाते इस सामाजिक कार्यकर्ता की चप्पल घिस जाती है और साइकिल के टायर भी जवाब देने लगते हैं। लेकिन फिर भी यह सामाजिक कार्यकर्ता हार नहीं मानता लगा रहता है समाज सुधार की धुन में।

यह सामाजिक जीव हर समाज में, हर क्षेत्र में, हर गांव, शहर में पाया जाता है। इसे कभी–कभार सम्मानित करके आला पदाधिकारियों द्वारा खुश कर दिया जाता है और यह वाकई में खुश होकर दुगुनी ऊर्जा के साथ सामाजिकता में जुड़ जाता है। इसका जीवन भले ही अभावों में कटता है, आर्थिक संकटों से जूझता, परिवारजनों के तानों से गुजरता है लेकिन समाज के मंच पर इसे अच्छे कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता है तो विरोधी खेमे में इसे चन्दा चोर, चिपकू, स्वयंभू पंच आदि नामों से सुशोभित किया जाता है।

मेरे ख्याल से इस सामाजिक जीव का इतना विश्लेषण काफी है इससे आप सभी अपने आस–पास के सामाजिक कार्यकर्ता को अच्छी तरह से पहचान सकेंगे।



मनीष गहलोत

# लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी की रैली में दिखे नए सियासी समीकरण अपनी ही सरकार को बिना नाम लिए बताया पिछड़ा विरोधी

## राजकुमार सेनी ने किया 2019 का शंखनाद किया नई पार्टी की घोषणा



पानीपत। राजकुमार सैनी ने जन्माष्टमी के पावन अवसर पर ऐतिहासिक रैली में 2019 का शंखनाद करते हुए नवनिर्मित राजनैतिक दल "लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी" के स्थापना दिवस पर पार्टी के सुप्रीमों सांसद राजकुमार सैनी ने कहा कि आने वाले 2019 का चुनाव हरियाणा की जनता के लिए एक चुनाव नहीं बल्कि एक न्याय युद्व, एक धर्मयुद्व है। आज लोलतंत्र सुरक्षा पार्टी के स्थापना दिवस पर आयोजित विशाल लोकतंत्र बचाओ रैली में भारी बारिश के बावजूद जिस तरह से प्रदेश के कौने कौने से लाखों लोगों का सैलाब उमड़ा, उस उमड़ते जनसैलाब की भावनाएँ, जज्बा एवं जनून हरियाणा में बह रही राजनैतिक हवा के खुद ही ब्यान कर रहे थे।

प्रदेश के हर क्षेत्र आई हर जाति, हर वर्ग की लाखों की भीड़ ने यह साबित किया है कि आज की तारीख में सांसद राजकुमार सैनी हरियाणा का सबसे कद्दावर एवं लोकप्रिय नेता है, लोग ढ़ोल, नगाड़ो बैनरों, झण्डों के साथ झूमते हुए रैली स्थल की ओर जा रहे थे। दोपहर 12 बजे तक का केवल रैलीस्थल पूरी तरह से भर चुका था बल्कि आसपास के सभी मैदानों एवं सड़कों पर सिर्फ लोगों का सैलाब ही दिखाई दे रहा था।

राजकुमार सैनी ने रैली का संबोधित करते हुए कहा कि 150 वर्ष पूर्व महात्मा ज्योतिराव फूले एवं 70 वर्ष पूर्व बाबा साहेब भीम राव आम्बेडकर ने एक सपना देखा था, और वो सपना था देश में फैली असमानता को खत्मकर समानता पर आधारित व्यवस्था की स्थाना की। लेकिन क्या इन 71 वर्ष की देश की आजादी में और हरियाणा को बने 51 वर्षो में वह समानता का सपना पूरा हो पाया। हरियाणा को बने 51 वर्षो में एक जाति विशेष के 5 पूर्ववर्ती मुख्य मंत्रियों ने प्रदेश में जातिवाद, भाई–भतीजावाद एवं क्षेत्रवाद का ऐसा जहर घोला, प्रदेश में असमानता एवं अन्याय की इतनी बड़ी खाई पैदाकर दी गई है कि 10 प्रतिशत आबादी वाली जाति के पास 52 प्रतिशत सरकारी नौकरियां है, हरियाणा के सभी संसाधनों पर उनका कब्जा है वहीं दूसरी और 90 प्रतिशत आबादी के पास केवल 48 प्रतिशत और 52 प्रतिशत आबादी वाले पिछड़े वर्ग के पास तो केवल 11 प्रतिशत ही नौकरियां है और वह भी केवल चपरासी एवं क्लर्कों में ही हैं।

सैनी ने मंच से 36 बिरादरी की बात की, लेकिन पांच पूर्व जाट मुख्यमंत्रियों की आलोचना कर स्पष्ट किया कि वह गैर–जाट की राजनीति ही करेंगे। अपने 52 मिनट के भाषण में तीन बार पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा और चार–चार बार बंशीलाल, ओमप्रकाश चौटाला को कोसा। जिस भाजपा पार्टी से बागी तेवर दिखाते हुए उन्होंने पार्टी बनाई है उसकी सरकार को तो एक बार खींचा, लेकिन उसी के सीएम खट्टर का तीन बार बचाव भी किया। इस दौरान अभिनेता राजपाल ने भी उन्हें अपना समर्थन दिया। सैनी पार्टी के खुद संरक्षक बने हैं। नारनौल के श्रीपाल को राष्ट्रीय अध्यक्ष, गुड़गांव के सतीश यादव को राष्ट्रीय महासचिव, जींद के रामराज शर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और करनाल के मंजीत पांचाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

### विकास और समानता के लिए सात सूत्रीय फॉर्मूला

1. देश से आरक्षण का झगड़ा हमेशा के लिए खत्म हो एवं कोई किसी का हक नहीं छीन सके। इसके लिए सभी जातियों को उसका हक देने के लिए जनसंख्या के अनुपात में 100 प्रतिशत आरक्षण देना होगा। फिर मुख्यमंत्री किसी भी जाति का हो। वह किसी का हक नहीं मार पाएगा।
2. एक परिवार, एक नौकरी देकर हम समाज में व्याप्त असमानता को भी दूर कर सकते है। आज हरियाणा में किसी परिवार में दस–दस सरकारी नौकरी है जबकि किसी के पास एक चपड़ासी तक की भी नौकरी नहीं है। यह भेदभाव खत्म करना होगा।
3. देश में 50 प्रतिशत आबादी किसान मजदूर की है इनकी भलाई के लिए मनरेगा को किसान से जोड़ना होगा। मनरेगा के मजदूर को हम अगर किसान से जोड़ देगे ताक किसान को 200 रूपए से सस्ता मजदूर एवं मजदूर को 500 रूपए में अच्छे दाक पर पूरे वर्ष रोजगार मिलेगा। इससे किसान और मजदूर दोनों खुशहाल हो जाएंगे और इनकी खुशहाली से ही देश खुशहाल होगा।
4. आज हमारे देश की जनसंख्या तेजी के साथ बढ़ रही है। देश की तरक्की के लिए जनसंख्या पर नियंत्रण पाना जरूरी हो गया है। हम दो हमारे दो की नीति अपनाकर आगे बढ़ेगें तो देश का भला होगा वरना विकास योजनाएं बेमानी साबित होगी।
5. भारत देश में सही अर्थो लोकतंत्र की स्थापना करनी है तो राज्यसभा को खत्म करना होगा। शासन की 70 प्रतिशत बागड़ोर राज्यसभा के हाथ में है। चोर दरवाजे से घुसे लोगों का रास्त बंद कर चुने हुए जनप्रतिनिधियों के हाथों में देश की बागड़ोर सौंपनी होगी।
6. बुढ़ापा, विधवा एवं विकलांग पैंशन 5 हजार रूपए महीना बाकी सभी खैरात बंद कर हर हाथ को देगें रोजगार और रोजगार को देंगे बढ़िया वेतन
7. एसवाईएल नहर को पंजाब क्षेत्र की बजाय हिमाचल क्षेत्र से नालागढ़– बद्दी पिंजौर होते हुए जनसुई हैड तक एक वर्ष में बनाकर दक्षिण हरियाणा के सूखे खेतों में पहुंचाएंगे पानी।

श्री मानसिंह देवड़ा स्मृति संस्थान, जोधपुर

# जोधपुर के विकास पुरुष स्व. श्री मानसिंह देवड़ा की 7वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि एवं विशाल रक्तदान शिविर में पहुंचे सैकड़ों शहरवासी






जोधपुर। जोधपुर आवासन मण्डल के अध्यक्ष स्वर्गीय श्री मानसिंह जी देवड़ा की 7वीं पुण्यतिथि पर उनके निवास स्थान पर आयोजित श्रद्धांजलि एवं रक्तदान शिविर में जोधपुर शहर के प्रमुख राजनीतिज्ञ, सामाजिक संस्थाओं, उद्योगपतियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रबुद्धजनों के साथ सर्वसमाज के लोगों ने उपस्थित हो उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित की।

स्वर्गीय मानसिंह देवड़ा स्मृति संस्थान की श्रीमती कुंती देवड़ा ने बताया कि सर्वप्रथम स्वर्गीय मानसिंह देवड़ा की धर्मपत्नी श्रीमती बंसत कंवर देवड़ा, भ्राता शंकरलाल, दीनदयाल, किशनसिंह, पुत्र चेतन देवड़ा, पुत्री कुंती देवड़ा एवं कुलदीप परिहार, मंयक देवड़ा ने पुष्पाजंलि अर्पित की इसके पश्ताच बड़ा रामद्वारा के महंत श्री रामप्रसाद जी, सैनाचार्य अचलानंद जी, संत प्रेमदास जी सहित अनेकों संत महात्माओं ने पुष्पाजंलि अर्पित की।

जोधपुर शहर के प्रथम नागरिक महापौर घनश्याम औझा, पूर्व महापौर डॉ. ओमकुमारी गहलोत, पूर्व जेडीए चेयरमेन राजेन्द्र सोलंकी, पूर्व सांसद ब्रदीराम जाखड़, पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत, पूर्व विधायक भंवर बलाई, माली महासभा के चौयरमेन ऊँकारराम कच्छवाहा, पूर्व राजसिको चेयरमेन सुनील परिहार, कांगेस के जिला अध्यक्ष सैयद अंसारी, देहात कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिराराम मेघवाल, पूर्व भाजपा अध्यक्ष नरेन्द्र कच्छवाहा, पूर्व मंत्री राजेन्द्र चौधरी, नगर निगम प्रतिपक्ष नेता गणपत सिंह चौहान, माली संस्थान के अध्यक्ष पुखराज सांखला, भारत सेवा संस्थान के ट्रस्टी जसवंत सिंह कच्छवाहा, जेफू खां, शिक्षाविद् निर्मल गहलोत, मनीष कच्छवाहा के साथ ही अनेकों लोगों ने स्व. मानसिंह देवड़ा के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें याद किया।

इसके साथ ही आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं एवं महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए 121 युनिट रक्तदान किया। जिसमें महात्मा गांधी अस्पताल, उम्मेद अस्पताल, मथुरादास माथुर अस्पताल की युनिट ने रक्त संग्रह किया। रक्तदान शिविर में लक्की शिक्षण संस्थान एवं मयुराक्षी शिक्षण संस्थान के छात्र–छात्राओं ने भी रक्तदान कर पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश माली युवा महासभा, युवक कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल एवं अन्य संस्थाओं के युवक–युवतियों ने भी रक्तदान किया।

इसके साथ ही भारत सेवा संस्थान के चिकित्सा प्रभारी नरपत सिंह कच्छवाहा द्वारा ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हिमोग्लोबिन की निःशुल्क जांच का शिविर भी लगाया गया जिसमें 375 लोगों ने जांच करवाई। संस्थान द्वारा एम्बुलेंस की सेवाएं भी उपलब्ध करवाई गई।

आज के आयोजन में पार्षद छोटू उस्ताद, श्रीमती श्यामादेवी, पार्षद श्रीमती संतोष कंवर, अरविंद गहलोत, अब्दुल करीम जॉनी, कांग्रेस शहर जिला महिला अध्यक्ष श्रीमती मनीषा पंवार, देहात महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती संगीता बेनिवाल, श्रीमती रेखा लोहिया, श्रीमती गीता बरवड़, उंकार वर्मा, राज गहलोत, राहुल पराशर, कैशवनाथ जोशी, सोहनलाल जागीड़, रामेश्वर गुर्जर, रामेश्वर गहलोत, राजेश गहलोत, राजेन्द्र हुड़िल, इंद्रसिंह सांखला, आनंद पुरोहित, प्रेमचंद सांखला, कृषि मण्डी डॉयरेक्टर श्रीमती किर्ती सिंह भील, श्रीमती भंवर कंवर, रामसिंह आर्य, शांतिलाल लिम्बा, प्रदीप गांग, देवीसिंह सिसोदिया, सुरेश व्यास, रमेश बोराणा, जगत नारायण जोशी, अरूण बलाई, सुनिल मोहनोत, अनिल टाटिया, कैलाश टाटिया, बी. डी. पुरोहित, सुयोग काबरा, कन्हैयालाल जागीड़, धनपत गुर्जर, थावरदास खिंची, पवन मेहता, हरीश भैरवानी, दिनेश परिहार, सत्यनारायण भट्ट, छगनीराम गहलोत, जगदीश पंवार, जगदीश सांखला, ओ. पी. भाटी, विक्रमसिंह इंदा, निर्मल सोलंकी, नृसिंह गहलोत, बाबूलाल गहलोत, चेनसिंह पंवार, नरेश जोशी, पुनित जांगु, गिरीश लुणा, इश्ताक अली, सलीम खान, मनीष परिहार, लेखराज, लक्ष्मण परिहार, विरेन्द्र गहलोत, कुशजीत कच्छवाहा, प्रेस फोटोग्राफर जगदीश देवड़ा, श्रीमती दिव्या गहलोत, श्रीमती अरूणा चौधरी, श्रीमती निर्मला देवड़ा, श्रीमती विजयलक्ष्मी पटेल, श्रीमती गीता पंवार, श्रीमती शुभलक्ष्मी पुरोहित, अंजुला रूपिया।

## जोधपुर विकास पुरुष स्वर्गीय मानसिंह देवड़ा की 7वीं पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण कर दी गई श्रद्धांजलि

जोधपुर के लाड़ले सभी के हितेषी एवं सहयोगी विकास पुरूष स्वर्गीय मानसिंह देवड़ा की 7वीं पुण्यतिथि के पुर्व आज सैनिक क्षत्रिय पूजला नाड़ी, मगरा में वृक्षारोपण का आयोजन जेडीए के पूर्व चेयरमेन राजेन्द्र सोलंकी, भाजपा के पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र कच्छवाहा, महिला कांग्रेस पार्टी की



प्रदेश महामंत्री श्रीमती कुंती देवड़ा, सरदारपुरा के ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश पंवार, पर्यावरणविद्दसुभाष गहलोत एवं अन्य प्रबुद्वजनों की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर जगदीश पंवार ने मानसिंह देवड़ा के कार्यकाल में जोधपुर में हुए विकास कार्यो की चर्चा करते हुए बताया कि जोधपुर में उम्मेद राजकीय स्टेडियम, अशोक उद्यान, बरकतुल्ला खां स्टेडियम मानसिंह देवड़ा के विकास कार्यो की देन है मानसिंह देवड़ा ने न केवल जोधपुर में अनेकों ऐतिहासिक विकास कार्य करवाये बल्कि घाटे में चल रहे राजस्थान आवसन मण्डल को लाभ की स्थिति में ला कर खड़ा कर दिया। इस अवसर पर नरेन्द्र कच्छवाहा ने मानसिंह देवड़ा के साथ अपने स्मरण बताए तथा कहा कि उनकी व मेरी राजनेतिक पार्टी अलग होने के बावजूद सुमेर शिक्षण संस्थान में जब उनके साथ कार्य करने का सुअवसर मिला तो मानसिंह देवड़ा ने 100 वर्ष पुरानी स्कूल में केवल एक विद्यालय संचालन होने की जानकारी देने के साथ उनको जब कहा गया कि बालिकाओं की शिक्षा के लिए भी एक भवन बनवाना है तो उन्होंने बेझिझक इसकी अनुमति प्रदान की तथा प्रथम वर्ष में ही इस बालिका विद्यालय ने संस्थान को लाभ देना शुरू कर दिया यहीं नहीं मानसिंह देवड़ा के कार्यकाल में ही सुमेर शिक्षण संस्थान में बालिका विद्यालय के अलावा दो अन्य ब्राचों का भी संचालन प्रारंभ किया गया जो आज भी सफलतापूर्वक चल रही है। समाजसेवी कालूसिंह गहलोत ने बताया कि जब मानसिंह देवड़ा के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत के कार्यकाल में यू.आई.टी. में भ्रष्टाचार एवं अनियमितिताओं की करीब 1200 पृष्ठों की शिकायत पर जब जांच की गई तो उस जांच का नतीजा केवल 3 लाईन का था कि मानसिंह देवड़ा ने किसी प्रकार के प्रलोभन एवं निजि स्वार्थ के लिए कोई कार्य किया इसलिए इन्हें दोषमुक्त किया जाता है ऐसे व्यक्तित्व के धनी मानसिंह देवड़ा को आज भी हजारों लोग 16 गावों के पट्टे एवं सर्व समाज के कल्याण हेतु किए गए कार्यो के लिए याद करते है। इस अवसर पर पर्यावरणविद् सुभाष गहलोत ने भी देवड़ा साहब के साथ अपने स्मरण बताएं तथा उनके द्वारा किसी भी व्यक्ति के कार्यो के लिए जाने पर वह बिना किसी भेदभाव के तुरंत पीड़ित को न्याय एवं उसका कार्य करवानें के लिए तत्पर रहते थे।

इस अवसर पर स्वर्गीय मानसिंह देवड़ा स्मृति संस्थान की श्रीमती कुंती देवड़ा ने सैनिक क्षत्रिय पुंजला नाड़ी विकास संस्थान के संयोजक जगदीश देवड़ा का पर्यावरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो के लिए आभार प्रकट करते हुए वृक्षारोपण के पुनित कार्य करने के लिए संस्थान के सभी सदस्यों का बहुमान किया। इस अवसर पर मंयक देवड़ा, पार्षद श्यामादेवी गहलोत, शिक्षाविद् प्रेमसिंह सांखला, मनीष गहलोत, मंगलसिंह देवड़ा, निर्मल सोलंकी, कुलदीप परिहार, कुशजीत कच्छवाहा, लक्ष्मणसिंह सर, अमित सांखला, लतेश भाटी, भावतोष गहलोत, श्रीमती किरण गहलोत सहित सैकड़ों समाजसेवियों ने इस भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेते हुए जोधपुर की धरा को हरा भरा करने का संकल्प लिया साथ ही मानव जीवन के लिए पेड़ों की महत्ता को समझते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आव्हान किया।



संत शिरोमणि श्री लिखमीदास जी महाराज स्मारक विकास संस्थान अमरपुरा धाम ,नागौर प्रतिभा सम्मान समारोह

# पैसा आता है और जाता है लेकिन शिक्षा और सेवा में दिया गया दान आपको अमर कर देता है – मदनलाल सैनी







नागौर। पैसा आता है और जाता है लेकिन शिक्षा और सेवा में दिया गया दान आपको अमर कर देता है। इसलिए महत्वपूर्ण यह नहीं है कि आप कितना कमाते हैं। महत्वपूर्ण यह है कि आप अपनी राशि कहां और किस में खर्च करते हैं। यह विचार राज्यसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मदनलाल सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

संत शिरोमणि श्री लिखमीदास जी महाराज स्मारक विकास संस्थान अमरपुरा धाम, नागौर के तत्वावधान में तथा सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान नागौर एवं माली सैनी कर्मचारी विकास संस्थान नागौर के सहयोग से आयोजित प्रांतीय प्रतिभा सम्मान समारोह में व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में नागौर विधायक हबीबुर्रहमान, धाम संस्थान के अध्यक्ष राजेंद्र गहलोत, उपाध्यक्ष मोती बाबा फुले, शंकरलाल गहलोत, मांगीलाल पंवार, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष अशोक सैनी, नगर परिषद सभापति कृपाराम सोलंकी, माली समाज के अध्यक्ष रामस्वरूप पंवार, रामचंद्र देवड़ा, शंकरलाल गहलोत, पंडित मोहनलाल थे। इस अवसर पर सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे जीवन में पारस्परिक सहयोग बहुत जरूरी है। जंगल के कारण शेर की रक्षा है और शेर के कारण जंगल की रक्षा है। इसी प्रकार नेता समाज की रक्षा करता है और समाज को नेता की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने पीपाड़, जोधपुर में निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था को सराहनीय बताते हुए नागौर में समाज के छात्रावास भवन के निर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को मोबाइल का प्रयोग ज्ञान अभिवृद्धि के रूप में ही करना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि जीवन का कोई भी क्षेत्र हो हमें सब के साथ सहयोग व समन्वय बनाकर काम करना चाहिए। समाज में इतनी क्षमता हो कि प्रत्येक राजनेता यह अनुभव करें इस समाज का सहयोग हम सबके लिए जरूरी है। तभी वह समाज को महत्व देगा। उन्होंने समाज में बढ़ रही बालिका शिक्षा पर भी संतोष जाहिर किया। इससे पूर्व अमरपुरा धाम संस्थान की आम सभा का आयोजन अध्यक्ष राजेंद्र गहलोत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें पुरुषोत्तम सोलंकी, महासचिव राधाकिशन तंवर, सहसचिव हरीशचंद्र देवड़ा, कोषाध्यक्ष कमल भाटी, सदस्य गोविंदराम टाक, पारसमल परिहार सहित अनेक सदस्य शामिल थे। संस्थान अध्यक्ष गहलोत ने सभी प्रतिभाशाली बालकों, शिक्षकों व अभिभावकों का स्वागत करते हुए अमरपुरा धाम संस्थान की ओर से प्रतिवर्ष शैक्षिक व सहशैक्षिक गतिविधियों के आयोजन का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर बाबूलाल देवड़ा ने समाज में निः शुल्क आर ए एस तथा आई ए एस कोचिंग की आवश्यकता पर बल देते हुए इस पवित्र एवं श्रेष्ठ ध्येय में शिक्षाविदों व भामाशाहों को सहयोग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मांगीलाल पंवार, सीपी सैनी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर पूर्व सभापति बिरदीचंद सांखला, कृपाराम गहलोत, आईदानराम भाटी, कृपाराम देवड़ा, डॉ अश्विनी आर्य डॉ मनोज कुमार माली ,डॉ विकास सैनी, प्रेमसुख टाक, डॉ गणेश सैनी सहित अनेक वरिष्ठ समाज बंधु मौजूद थे। कार्यक्रम में जयंत सांखला ,आनंदसिंह कच्छावा, मांगीलाल गहलोत, राधेश्याम टाक, रूपचंद टाक, रमेश सोलंकी, प्रमोद पंवार ,धर्मेंद्र सोलंकी , हंसराज सांखला, कानाराम सांखला तथा मनोहर परिहार ने अपना सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में कविता भाटी, प्रेक्षा सैनी, हिमांशु गहलोत, रूपम सांखला,स्नेही सैनी, राजेश्वरी सैनी, दिनेश बागड़ी, सूरजमल सोलंकी ,ज्योत्सना भाटी, डॉ पूनम भाटी, डॉ सुनीता सैनी, वीरेंद्र, लाखाराम भाटी, भानुप्रिया कच्छावा, सुनीता परिहार, वसुंधरा परिहार, डॉ आदित्य देवड़ा, डॉ सतीश चौहान सहित 482 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान कुम्भ में 19 जिलों का प्रतिनिधित्व हुआ। कार्यक्रम में हैदराबाद व सिकन्दराबाद से भी प्रविष्टियां प्राप्त हुई। कार्यक्रम में माली सैनी समाज के उन बंधुओं को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने महाविद्यालय छात्र संघ चुनाव में विजय प्राप्त की। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक बालकिशन भाटी व बजरंग सांखला ने किया।

माली सैनी समाज के कार्यकर्ता रामुराम सैनी के अनुसार कार्यक्रम में बालिका मीनल परिहार, विकास, पुनीत पंवार, मंजू भाटी, हिमांशु व वैजयंती सैनी को अपनी अपनी कक्षा वर्ग में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। इसी प्रकार अमीषा सैनी, ट्विंकल सोलंकी, यश टाक, शशांक परिहार, योगिता टाक, वरुणा टाक को रजत पदक प्रदान किया गया । कार्यक्रम में संगीतज्ञ दिगंबर व्यास व मेघराज राव के निर्देशन में बालिकाओं ने वंदना तथा देशभक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में सांखला कलर लैब के सौजन्य से सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को हाथो हाथ निरूशुल्क कलर प्रिंट दिए गए तथा कार्यक्रम स्थल पर एलईडी की व्यवस्था की गई जिसमें प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पूर्ण जानकारी पेश की गई। इस अवसर पर निः शुल्क आयुर्वेदिक व एलोपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भारत सेवा संस्थान जोधपुर के डॉ महेंद्र कच्छावा, डॉ सीमा कच्छावाह, डॉ सुरेंद्र तिवारी, डॉ कृष्णगोपाल के द्वारा अपनी सेवाएं दी गई तथा श्रद्धालुओं की निरूशुल्क जांच कर परामर्श दिया गया। शिविर में आयुर्वेदिक, एलोपैथिक व एक्यूप्रेशर सेवा का लाभ प्रदान किया गया।

## जयनारायण विश्व विद्यालय, जोधपुर के महासचिव पद पर बबलू सोलंकी ने दर्ज की जीत

# विभिन्न विश्वविद्यालयों के चुनावों में समाज के युवाओं ने की जीत दर्ज


बबलू सोलंकी


महेन्द्र सैनी


नीलम सैनी


दुर्गा माली


मनीष गहलोत

1. मोहित सैनी के निर्विरोध joint secretery agriculture university jodhpur
2. शाहपुरा (जयपुर) बीबीडी महाविद्यालय से उपाध्यक्ष पद पर मनोज सैनी ने जीता चुनाव'
3. महेंद्र सैनी, अध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय लालसोट दौसा
4. नंदराम सैनी, महासचिव राजकीय महाविद्यालय लालसोट
5. छोटू सैनी, सयुक्त सचिव राजकीय महाविद्यालय लालसोट
6. धनेश्वरी तंवर, अध्यक्ष महारानी सुदर्शना कॉलेज बीकानेर
6. प्रियंका सैनी, उपाध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय बूंदी
7. रजनी सैनी, उपाध्यक्ष राजकीय कन्या महाविद्यालय चौमू
8. शुभम मालाकार, अध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय किशनगढ़
9. पूजा तंवर, सयुक्त सचिव राजकीय महाविद्यालय मंगलाना
10. पंकज सैनी, अध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय पोकरण
11. दिनेश माली, महासचिव राजकीय महाविद्यालय पोकरण
12. गणेश सैनी, महासचिव राजकीय महाविद्यालय टोंक
13. पदम् सैनी, अध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय तिजारा
14. रोहित सैनी, अध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय थानागाजी
15. निरंजन लाल सैनी, अध्यक्ष विवेकानंद महाविद्यालय खेतडी
16. रामकेश सैनी, अध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी
17. सरोज कच्छवाह, अध्यक्ष DRJ गर्ल्स महाविद्यालय बालोतरा
18. संजय सैनी, अध्यक्ष LB राजकीय महाविद्यालय कोटपुतली
19. सुनील सैनी, महासचिव लॉ कॉलेज जयपुर
20. ममता सैनी, अध्यक्ष राजकीय संस्कृत महाविद्यालय श्रीमाधोपुर
21. दुर्गा कुमारी माली, संयुक्त सचिव गर्ल्स कॉलेज बाड़मेर
22. मानसी सैनी, उपाध्यक्ष पृथ्वी राज चौहान महाविद्यालय अजमेर
23. दीपक सुमन, महासचिव कोटा यूनिवर्सिटी कोटा
24. संदीप सैनी, संयुक्त सचिव जयपुर कॉलेज
25. विष्णु सांखला, अध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय बालेसर
26. सोनू सैनी, अध्यक्ष सेठ नेतराम मदराज टिबड़ेवाल राजकीय महाविद्यालय झुंझुनूं
27. राहुल सैनी, अध्यक्ष डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय आयुर्वेद विश्वविद्यालय करवड़ जोधपुर
28. काजल बगड़ी, अध्यक्ष राजकीय कन्या महाविद्यालय अजमेर
29. नीलम तंवर, महासचिव महारानी सुदर्शना कॉलेज बीकानेर
30. हिना गहलोत, भंसाली कॉलेज पाली
31. मोना सैनी, अध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय मालपुरा
32. मनीष गहलोत, संयुक्त सचिव बीआर मिर्धा कॉलेज नागौर
33. सोहनलाल सैनी, संयुक्त सचिव राजकीय महाविद्यालय बांदीकुई
34. यशवंत टांक, अध्यक्ष महात्मा गांधी कॉलेज जोधपुर
35. गोपीकिशन गहलोत, अध्यक्ष जैन चह कॉलेज बीकानेर
36. दिनेश माली, उपाध्यक्ष सुभाष कॉलेज सिणधरी
37. ममता सैनी, अध्यक्ष कमला मोदी राजकीय कन्या महाविद्यालय नीमकाथाना
38. सूरज कुशवाह, महासचिव राजकीय पीजी महाविद्यालय धौलपुर
39. मनोज सैनी उपाध्यक्ष, बी बी डी महाविद्यालय चिमनपुरा शाहपुरा
40. निकिता भाटी (माली), अध्यक्ष गर्ल्स कॉलेज बोथरा
41. पूर्णिमा भाटी (माली), महासचिव गर्ल्स कॉलेज बोथरा
42. विकास गहलोत, महासचिव बीजेएस रामपुरिया
43. दिनेश सैनी, उपाध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय बूंदी
44. रामसहाय माली, महासचिव राजकीय महाविद्यालय उनियारा टोंक
45. चन्द्रशेखर माली, संयुक्त सचिव राजकीय महाविद्यालय उनियारा टोंक
46. अरविंद सैनी, संयुक्त सचिव राजकीय पीजी महाविद्यालय सवाईमाधोपुर
47. ज्योति सैनी, श्री भवानी निकेतन महिला महाविद्यालय जयपुर
48. श्रवण गहलोत, संयुक्त सचिव एम बी आर पी जी कॉलेज बालोतरा
49. महेन्द्र सैनी, अध्यक्ष संस्कृत कालेज नीमकाथाना
50. नरेन्द्र कुमार सैनी, उपाध्यक्ष महाविद्यालय नीमकाथाना
51. वर्षा सैनी, अध्यक्ष हेमलता मेमोरियल गर्ल्स कॉलेज नारायणपुर अलवर
52. खुशबू सैनी, संयुक्त सचिव राजकीय कन्या महाविद्यालय लालसोट

### महात्मा फूले ब्रिगेड का प्रतिभावान सम्मान समारोह हुआ आयोजित 125 प्रतिभावान लोगो का किया सम्मान

# प्रतिभाऐं है हमारी धरोहर इनका करें सम्मान – सुरेन्द्र कुमार सैनी

नवलगढ़। कस्बे के छोटा बस स्टेण्ड के पास स्थित सैनी छात्रावास में रविवार को महात्मा फूले ब्रिगेड का प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नवलगढ पालिका के चौयरमैन सुरेन्द्र कुमार सैनी ने की। महात्मा फूले ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामसिंह सैनी कार्यकम के मुख्य अतिथि थे।

महात्मा फूले ब्रिगेड की प्रदेशाध्यक्ष ललिता संजीव महरवाल, मुकुन्दगढ पालिका के चौयरमैन सत्यनारायण सैनी, जिला उपप्रमुख बनवारीलाल सैनी, प्रदेश संगठन मंत्री गजानन्द सैनी, समाजसेवी सुन्दरमल सैनी, चिडावा नगरपालिका की वार्ड पार्षद सुमित्रा देवी सैनी, पंचायत समिति सदस्य रवि सैनी, पूर्व उपप्रधान ताराचन्द सैनी, सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद सैनी, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम सैनी, कंवरसिंह सैनी, ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव बलदेव सिंह खण्डेला, बीईईओ बंशीधर सैनी, सैनी समाज के पूर्व अध्यक्ष कजोडमल सैनी, रामलाल पीटीआई भी मंचस्थ अतिथि थे। आयोजको की ओर से मंचस्थ अतिथियो का पूष्प माला व साफा पहनाकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात महात्मा ज्योति राव फूले व सावित्री बाई फूले की तस्वीर पर पूष्प अर्पित व दीप प्रज्जवलन के साथ में हुई। कार्यक्रम के दौरा जिले की 125 प्रतिभावान लोगो का प्रशस्ति पत्र व प्रतिक चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामसिंह सैनी समाज के संगठन व एकता की बात कहते हुये कहा कि प्रतिभाये हमारी धरोहर व उनका सम्मान करना चाहिये। वही संगठन की ओर से पूरे देश में किये सामाजिक कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

वही कहा कि संगठन कितने भी लेकिन उनका लक्ष्य सामाजिक हितो के लिये कार्य करने का होना चाहिये ना कि कोई व्यक्तिगत। संगठन वही तरीकी करेगा जिसका लक्ष्य सही दिशा में। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पालिका के चौयरमैन सुरेन्द्र कुमार सैनी ने कार्यक्रम के दौरान सम्मातिन होने वाली प्रतिभाओ को बधाई देते हुये कहा कि हमें युवाओ का विशेष ध्यान करना चाहिये युवा ही देश का भविष्य हैं। यदि देश का युवा किसी कार्य को करने में लग जाता है। तो उसे करके ही दम लेता है। वही कहा कि हर जनप्रतिनिधि में सहन क्षमता होनी चाहिये। जिलाउपप्रमुख बनवारीलाल सैनी ने कहा कि प्रतिभाये समाज की धरोहर होती हैं हम सबको इनका मान– सम्मान करना चाहिये। भाजपा नेता रवि सैनी ने सम्मानित होने वाली प्रतिभाओ को बधाई देते हुये संगठन की एकता के बारे में बात कही।

कार्यक्रम को सम्बोधित समाजसेवी सुन्दरमल सैनी ने कहा समाज में संगठन व संस्थाये तो बढ रही लेकिन इन संस्थाओ का लक्ष्य समाज के हित में होना चाहिये। इस दौरान पूर्व उपप्रधान ताराचन्द सैनी, गजानन्द सैनी, ब्रिगेड की प्रदेशाध्यक्ष ललिता संजीव महरवाल ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। महात्मा फूले ब्रिगेड के जिलाअध्यक्ष विनोद सैनी ने स्वागत भाषण देते हुये कार्यक्रम में आये हुये सभी लोगो का आभार जताया।

इस दौरान डॉ नवलकिशोर सैन, डॉ सुभाषचन्द सैनी, डॉ कमलेश सैनी, बिरोल सरपंच घासीराम सैनी, पंचायत समिति सदस्य रामकरण सैनी, अनौखा सैनी, राजेश सैनी चिडावा, युवा नेता सुनिल सैनी, युवा नेता सुनिल सैनी ढाणिया, पोदार कॉलेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष योगेश कुमार सैनी, राजकीय महाविधालय नवलगढ के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रविन्द सैनी, पोदार कॉलेज के पूर्व छात्रसंध अध्यक्ष देवेन्द्र प्रकाश सैनी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजकुमार सैनी, पोदार कॉलेज के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अजय कटारिया, अटलबिहारी सैनी, निस्वार्थ सैनी सेवा समिति के अध्यक्ष गजानन्द सैनी, अधिशाषी अभियन्ता मूलचन्द सैनी, मदनलाल सैनी, सत्यनारायण सैनी झाझड, झाझड सरपंच प्रतिनिधि संजीव सैनी, मनीश बिश्नोलिया, छोटलाल नांगलिया, पार्षद प्रदीप सैनी, पूर्व प्राचार्य फूलचन्द सैनी, कैलाश चन्द राजोरिया, प्रभात राजोरिया, बालाजी होटल के संचालक सुभाषचन्द सैनी, मानवाधिकार कमिटी के जिलाअध्यक्ष नरेश कुमार सैनी, एडवोकेट सुरेश सैनी, शंकरलाल सैनी आर्टिस्ट, शंकरलाल सैनी, झुन्झुनू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# माली समाज ने की दोनो प्रमुख दलों से अधिक से अधिक टिकिट देने की मांग राज. प्रदेश माली सैनी महासभा का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

भीलवाड़ा 28 जुलाई। राजस्थान प्रदेश में माली (सैनी) समाज की 10 प्रतिशत आबादी है। इतनी बड़ी संख्या में होने के बावजूद हमें राजनीतिक व सामाजिक अधिकार नहीं मिल रहे है। पिछले विधानसभा में भी दोनो ही प्रमुख दलों द्वारा समाज की अनदेखी की गई। लेकिन इस बार राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा राजस्थान मे दोनो राजनीतिक प्रमुख दलों से अधिक से अधिक समाज के लोगो को टिकट दिलाने की पुरजोर मांग करेगा, अगर राजनीतिक पार्टियां माली समाज की उपेक्षा करती है तो पार्टियों को उसका खामियाजा आने वाले विधान सभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा तथा महासभा अपने दम पर जहां भी जिस विधानसभा मे माली समाज बहुसख्यंक होगा वहां अपने दम पर उम्मीदवार खड़ा करेगी। यह विचार राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के चैयरमेन औंकारराम कच्छावा ने महासभा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि पद से व्यक्त किये।

अजमेर रोड़ स्थित दीवाकर धाम में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता ऑल इंडिया माली (सैनी) सेवा समाज के उपाध्यक्ष ताराचंद गहलोत ने की व उन्होंने कहा कि राजस्थान में प्रत्येक विधानसभा में माली (सैनी) समाज के वोट बैंक निर्णायक है। विशेषकर अजमेर, जोधपुर, जयपुर संभाग और बीकानेर संभाग में बहुतायत रूप में वोट बैंक है और राजनीतिक जागरूकता के कारण समाज के लोगों को दोनो प्रमुख दलों से अधिक से अधिक टिकिट देने चाहिए। राज. प्रदेश माली सैनी महासभा के जिलाध्यक्ष गोपाल लाल माली ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज के इस वैश्विक युग में जो शिक्षित होगा वहीं टिक पायेगा। इसके लिए हमारे समाज के संगठनों को, समाज के गरीब प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्रवृत्ति देनी चाहिए। जब समाज में शिक्षा की अलख जागेगी तो हमारा समाज राजनीतिक रूप से हिस्सेदारी में भी अपना हक लेने को सोचेगा।

कार्यकर्ता सम्मेलन में कई सामाजिक कुरीतियाँ मिटाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही महासभा को मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान पर विशेष जोर दिया गया। महासभा द्वारा यह भी एलान किया गया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में समाज का कोई व्यक्ति पार्टी से या निर्दलीय चुनाव लड़ता है तो महासभा उन्हें तन–मन–धन से पूरा सहयोग करेगी। सम्मेलन में वक्ताओं द्वारा महान समाज सुधारक व महात्मा ज्योतिबा फूले व भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले को भारत रत्न देने की भी मांग की गई। इस सम्मेलन में भीलवाड़ा जिले के माण्डलगढ़, गंगापुर, माण्डल, बनेड़ा, करेड़ा, सहाड़ा, भाहपुरा सहित विभिन्न तहसीलों से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष मांगीलाल भाटी, माली समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष बंशीलाल माली, माली युवा महासभा के जिलाध्यक्ष हरनारायण माली, पूर्व पार्शद देबीलाल माली, कोटड़ी महासभा के तहसील अध्यक्ष महावीर सोपरिया, धनराज गढ़वाल, कन्हैयालाल माली, भैरूलाल माली, कैलाश भभीवाल, मदनलाल गहलोत, कन्हैयालाल लावड़ा, पृथ्वीराज माली, भांकरलाल गोयल, धनराज डाबला, तोताराम सांखला, नानूराम गोयल, संपत बुलिवाल, राजकुमार गोयल, देबीलाल देवड़ा, लक्ष्मण सरिवाल, सत्यनारायण माली, गणपत चांगवाल, संपत सोपिरया, देबीलाल रागस्या, सहित सैकड़ों की संख्या में माली समाज के लोग उपस्थित थे।

# सैनी समाज का जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

कामां 30 सितम्बर, रविवार। पहाड़ी रोड स्थित निर्माणाधीन सैनी छात्रावास कामां पर समाज के द्वारा जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलदीप नम्बरदार द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सैनी कर्मचारी समिति जयपुर के अध्यक्ष बुद्धसिंह सैनी रहे।

कार्यक्रम में मुख्य काउंसलर के रूप में जयपुर से आये आईएएस रोमन सैनी के पिता आई टी आई निदेशक रामावतार सैनी ने माता सावित्रीबाई फुले के शैक्षिक संघर्ष को सविस्तार पूर्वक मेधावी विद्यार्थियों को बताया। कैरियर सम्बन्धी जटिलताओ के विषय में रामावतार सैनी ने

अपने अनुभव के आधार पर समाधान प्रस्तुत किये। व्यवहारिक तथ्यों को प्रस्तुत करते हुए उन्होंने करियर में आने वाली परेशानियों के सरल समाधान पेश किये। काउंसलर पैनल में इनके अलावा जयपुर से अमित सैनी इंस्पेक्टर जयपुर मेट्रो, सुरेश सैनी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण भारत सरकार, ममता सैनी जूनियर अकाउंटेंट जयपुर ने भी बच्चों की काउंसलिंग की।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एसपीजी ग्रुप राजस्थान के संस्थापक शंकर तंवर जयपुर ने सैनी समाज कामां के द्वारा जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में पूरे जिले से आयी प्रतिभाओं को शुभकामना दी। और राजनितिक चर्चा के दौरान आने वाले विधानसभा चुनाव में समाज का उम्मीदवार उतारने की सैनी समाज कामां की पहल की सराहना की। कार्यक्रम में कामां थाने के कोतवाल प्रभाती लाल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सैनी समाज के इस कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यकम में भरतपुर जिले की हर तहसील से अनेकों मेधावी विद्यार्थि सम्मानित होने के लिए आये ।

गोपालगढ़ से आयी प्रतिभाशाली छात्रा सुषमा सैनी ने माता सावित्रीबाई फुले की जीवन गाथा का गुणगान करने वाली कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम संयोजक रामप्रसाद सैनी के अनुसार कार्यक्रम में लगभग 250 मेधावी विद्यार्थी और 60 नवनियुक्त राजकीय कर्मचारी को सम्मानित किया गया साथ ही लगभग 25 समाज सेवको को भी सम्मानित किया गया। सभी सम्मानित होने वाले प्रतिभागियों को सैनी समाज कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष रूपवसन्त सैनी ,मुख्य अतिथि, एवं कुलदीप नम्बरदार द्वारा प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान की गयी। बनेसिंह सैनी सरपंच झंझार, बीरबल सैनी सरपंच गोपालगढ़, श्रीचंद सैनी सीकरी,दौलतराम सैनी गिरदावर,प्रवीण सैनी पूर्व अध्यक्षा नगर पालिका कामां, नगर से रमनलाल सैनी चेयरमैन, चिंकी सैनी जेईएन सिचाई विभाग कामां,टीकम सैनी हलैना ,छगन सैनी मैनेजर देहली,पुष्पा सैनी देहली, आदि वरिष्ठ गणमान्य नागरिक इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। टीकम सैनी हलैना ने कार्यक्रम के लिए 5100/– रुपए की आर्थिक सहायता दी। सैनी समाज बोडोली डहर ने भी 11000/– की आर्थिक सहायता दी।1100/– दौलतराम गिरदावर नगर, 1100/–महेंद्र डायरेक्टर इन्द्रौली,1100/– अमित सैनी जयपुर मेट्रो, आदि का भी आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में सैनी समाज के हजारों लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिला भी भारी संख्या में मौजूद रही। कार्यक्रम में फुले ब्रिगेड पहाड़ी,कामां और जुरहरा की टीमों ने व्यवस्थाओं को बखूवी सम्भाला।

'सैनी ऑफिसियल कामां (भरतपुर)' के सभी सदस्यगण भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। सैनी समाज कामां की तरफ से पार्षद शिवराम,पार्षद तेजसिंह,पार्षद अशोक, देवेंद्र मैनेजर, ब्रजलाल सैनी पूर्व पार्षद, हजारी होमगार्ड, रामकुंवार सतवाड़ी, महेंद्र जुरहरा, खुशीराम, राजू, महेंद्र बरौलिया, दीपक इंस्ट्रक्टर, बबली डॉक्टर, रमन पीटीआई, मुकेश प्रिंसिपल, इंद्रजीत बाबु, गोपाल इन्द्रौली, अमरनाथ सैनी देहली, सर्वेश सैनी, आनंद सैनी, चेतराम सैनी, बच्चू बरौलिया, शिवराम बरौलिया, विशाल बरौलिया, दौलत अध्यापक, दयाचंद शास्त्री, गेदीलाल अध्यापक, मोहन पेशगार, रघुवीर अध्यापक गोपालगढ़, बीरबल सरपंच गोपालगढ़, कमलेश सैनी आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 200 प्रतिभाओं के सम्मान के साथ फूले की मूर्ति का हुआ अनावरण



माली (सैनी) समाज जिला सवाई माधोपुर द्वारा सामाजिक क्रांति के पुरोधा महात्मा ज्योतिबा फूले की मूर्ति अनावरण सैनी छात्रावास हाउसिंग बोर्ड आलनपुर मे माली (सैनी) समाज के जिला अध्यक्ष कमलेश बारवाल के कर कमलो द्वारा हुआ एंव मूर्ति अनावरण के बाद जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह चन्दन मेरिज गार्डन में आलनपुर सर्किल के पास सम्पन्न हुआ।

प्रतिभा सम्मान समारोह मे माली समाज की सवाई माधोपुर जिले से शिक्षा, समाज सेवा, नवनियुक्त कार्मिक, खेलकूद मे उत्कृष्ट कार्य करने वाली 200 प्रतिभाओ का सम्मान किया गया। माली सैनी समाज के जिला अध्यक्ष कमलेश बारवाल ने इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फूले छात्रवृत्ति योजना व सावित्री बाई फूले कन्यादान योजना शुरू करने की घोषणा की और सैनी छात्रावास मे दो लाख रुपये की लागत से एक कमरा निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भामाशाह सचिन सैनी ने की।

कार्यक्रम मे जिला उपाध्यक्ष कैलाश सैनी, जिला महामन्त्री मुकेश माली, जिला कोषाध्यक्ष कुन्जी लाल सैनी, जिला संरक्षक कैलाश नारायण सैनी, जिला प्रभारी प्रभुदयाल सैनी, जिला संयोजक मोहन लाल सैनी ने समाज की प्रतिभाओ को बधाई दी।

समाज की प्रतिभाओ ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी द्यकार्यक्रम मे बडी संख्या मे महिला, युवा शक्ति एंव समाज बन्धु मौजूद थे। जिला कार्यकारिणी द्वारा सवाई माधोपुर तहसील अध्यक्ष रामलाल सैनी, गंगापुर तहसील अध्यक्ष रघुवीर सैनी, खण्डार तहसील अध्यक्ष हुकम सैनी, चौथ का बरवाड़ा तहसील अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, मलारना डूंगर तहसील अध्यक्ष प्रभु लाल सैनी, कोर कमेटी सदस्य हनुमान सैनी पार्षद, रामकल्याण सैनी, सवाई माधोपुर युवा अध्यक्ष रविशंकर सैनी, जिला प्रवक्ता राजेश सैनी आदि पदाधिकारीयो का माला पहनाकर एंव साफा बन्धवाकर सम्मान किया गया साथ ही सवाई माधोपुर जिले से एंव जिले के बाहर से पधारे हुए समाज के विभिन्न संगठनो के पदाधिकारीयो का भी जिला कार्यकारिणी द्वारा माला पहनाकर एंव साफा बन्धवाकर सम्मान किया गया।




कार्यक्रम का संचालन कैलाश नारायण सैनी व प्रभु दयाल सैनी ने किया।

# सैनी समाज ने कांग्रेस व भाजपा से की विधानसभा चुनाव में टिकट की मांग, कुरीतियां रोकने पर भी चर्चा






अलवर। अलवर जिला सैनी महासभा के तत्वावधान में गुरूवार को सैनी समाज का सामाजिक एवं राजनीतिक एकता जागृति व संवाद कार्यक्रम कोलीमोरी के पास एक रिसोर्ट में हुआ। इसमें वक्ताओं ने समाज को संगठित होकर कांग्रेस व भाजपा से 11 विधानसभा क्षेत्रों में एक–एक सीट पर सैनी समाज को टिकट देने की मांग की। कार्यक्रम में सामाजिक कुरीतियों जैसे गोदप्रथा में 11 व्यक्ति जाने, कुआं पूजन में मायरा प्रथा को कम करने, शादी विवाह में फिजुलखर्ची रोकने के लिए समाज को सामूहिक प्रयास करने की बात कही गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदनलाल सैनी के बेटे एडवोकेट मनोज सैनी थे। कार्यक्रम को राजस्थान दुकानदार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष किशोर कुमार टाक, आल इंडिया सैनी सेवा समाज प्रदेश अध्यक्ष रामसिंह सैनी, माली सैनी महासभा प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र मावर, प्रदेश मंत्री बाबूलाल सैनी ने संबोधित किया। अध्यक्षता अलवर जिला सैनी महासभा के अध्यक्ष पूरणमल सैनी ने की।

कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा ज्योतिबा फुले, माता सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। मुख्य वक्ता मनोज सैनी ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए युवाओं को बुजुर्गो का आशीर्वाद लेकर आगे बढ़ना होगा। समाज में सभी को मिलकर दिखाना चाहिए कि वे किसी भी पार्टी को जिता या हरा सकते है। उन्होंने कहा कि 36 कौम के साथ संपर्क रखते हुए महात्मा फुले के पदचिह्नों पर चलकर काम करें। जिला अध्यक्ष पूरणमल सैनी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आगामी दिनों में ऐसा ही जनसंवाद कार्यक्रम तहसील स्तर पर करवाने की बात कही।

संचालन मा. लक्ष्मण सैनी व पदम सैनी ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान अभय सैनी (पप्पू भाई), पूर्व नगर परिषद सभापति मोना सैनी, पदम सैनी, रैणी प्रधान अनीता, ओम प्रकाश सैनी, तिजारा चेयरमैन प्रतिनिधि रामेश्वर सैनी, रमेश चंद सैनी, चंद्रमोहन सैनी, सैनी समाज सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष निरंजन लाल सैनी, मालाखेड़ा समाज अध्यक्ष लालाराम सैनी, आल इंडिया सैनी समाज युवा अध्यक्ष गोविंद सैनी, पूर्व पार्षद योगेश सैनी, फूलचंद सैनी, दिगंबर सैनी, मनोहर लाल सैनी, सहित जिलेभर से आए समाज के लोग मौजूद थे।



### प्रदेश से आई साढ़े चार सौ प्रतिभाएं, भामाशाह व नवनियुक्त कर्मचारियों का किया सम्मान

# माली समाज ने सहेज रहीं है अपनी परंपराएं – प्रभुलाल सैनी

हिंडोली. माली समाज ज्योतिबा फूले के बताए रास्ते पर चल रहा है। यह वह समाज है जो अपनी परंपराओं को सहेज कर रखे हुए है। जो समाज परंपराओं को सहेज कर रखता है, वही समाज आगे बढता है। यह बात रविवार को हिण्डोली के माली छात्रावास में हुए प्रदेश स्तरीय माली अधिवेशन, प्रतिभा सम्मान समारोह व छात्रावास लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि रहे कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने कही।

उन्होंने कहा कि समाज शिक्षा व विकास की दृष्टि से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने युवाओं से कहा कि समाज व देश का कर्ज चुकाना है। समारोह की अध्यक्षता राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष भूपेंद्र सैनी ने की। समारोह को जिला माली विकास समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी, समारोह के संयोजक नरेश कोटवाल, संरक्षक पूर्व प्रधान पोखर लाल सैनी, सर्जन डॉ. अनिल सैनी, डॉ. जी.एल. वर्मा, अनुभव चंदेल, सुनीता गहलोत सहित कई लोगों ने संबोधित किया। समारोह में प्रदेशभर से आई समाज की सवा तीन सौ प्रतिभाओं का अतिथियों ने सम्मान किया। इसके अलावा 40 भामाशाह, प्रदेशभर से आए 100 से अधिक नवनियुक्त कर्मचारियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ौदिया के किसान शिवराज व मदन कोटवाल ने मंत्री सैनी को चढस भेंट की।

कृषि मंत्री सैनी व राजस्थान युवा बोर्ड अध्यक्ष भूपेन्द्र ने छात्रावास का फीता काटकर लोकार्पण किया। इससे पहले समाज के लोग मंत्री सैनी सहित अन्य अतिथियों को जुलूस के रूप में छात्रावास तक लेकर आए। समारोह का संचालन जगदीश सैनी व नरेश कोटवाल ने किया। इस दौरान माली समाज के तहसील अध्यक्ष कैलाश सैनी, कोषाध्यक्ष हनुमान सैनी, फूंदी लावल सैनी, मनोज सैनी, महावीर वार्ड पंच महेन्द्र सैनी सहित अन्य कई लोग मौजुद थे।

**चुनाव लड़ने की पहली प्राथमिकता हिण्डोली**

माली समाज के समारोह के बाद पत्रकार वार्ता में कृषि मंत्री सैनी ने कहा कि पार्टी उन्हें विधायक का चुनाव लडवाएगी तो पहली प्राथमिकता हिंडोली विधानसभा क्षेत्र होगा। उन्होंने कहा कि इस बार पार्टी काफी सोच समझकर टिकट वितरीत कर रही है। किसी भी प्रत्याशी को थोपा नहीं जाएगा। सर्वे के आधार पर ही प्रत्याशी घोषित जाएगी।

# महात्मा ज्योतिबा फुले अधिवेशन में 80 प्रतिभाओं का सम्मान

कैथदा ग्राम पंचायत क्षेत्र के बटावती गांव में शनिवार शाम को माली समाज का महात्मा ज्योतिबा फुले अधिवेशन मनाया गया। इस दौरान 80 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। अधिवेशन में समाज में जागरूकता पैदा करने पर जोर दिया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया।

इस दौरान वक्ताओं ने समाज के सर्वांगीण विकास शिक्षा, राजनीतिक चेतना पर बल दिया। समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने व शिक्षा को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने समाज की एकता व राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया कार्यक्रम का संचालन शोभागमल सैनी ने किया।

सैनी विकास समिति के जिलाध्यक्ष चौथमला सैनी ने बताया कि बटावती गांव में मालियों के झोपडे में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षाविद् मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रो. डॉ. जीएल वर्मा थे। अध्यक्षता रीको के पूर्व चैयरमैन सुनील परिहार ने की। विशिष्ट अतिथि ऑल इण्डिया सैनी विकास समिति की महिला प्रदेशाध्यक्ष गायत्री सैनी, महिला जिलाध्यक्ष आशा सैनी, प्रदेश महामंत्री सैनी विकास संस्थान कन्हैयालाल सैनी, माली महासभा की प्रदेश उपाध्यक्ष सीता भाटी, सवाईमाधोपुर जिलाध्यक्ष भागचंद सैनी, तहसील अध्यक्ष धन्नालाल सैनी, बिरधीलाल सैनी, भैरूलाल सैनी, जिलाध्यक्ष चौथमल सैनी, जगदीश सैनी, रामफूल सैनी थे।

समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज की करीब 80 प्रतिभाओं को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। इससे पहले अतिथियों का आयोजन समिति पदाधिकारियों जगदीश सैनी, रामफूल दिनेश सैनी, रमेश ने स्वागत किया। इस मौके पर टोंक, सवाईमाधोपुर, बूंदी जिले व आसपास गांवों के बड़ी संख्या में समाजबंधु थे।

# विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारी को लेकर माली (सैनी) समाज ने भी ताल ठोकी

जयपुर।प्रदेश माली सैनी महासभा के अध्यक्ष छुट्टनलाल सैनी और जयपुर जिला माली सैनी समाज के अध्यक्ष ओम राजोरिया ने बुधवार को पत्रकारों से रूबरू होकर कांग्रेस व भाजपा से जयपुर शहर में एक सीट और प्रदेश में 15 सीटे समाज को देने की मांग रखी।

उन्होंने बताया कि जयपुर शहर में सांगानेर, मालवीय नगर, विद्याधर नगर, मालवीय नगर, आमेर में सैनी समाज के 25 से 40 हजार तक वोट है। इसके साथ ही बची हुई सीटों में भी समाज के अच्छी संख्या में वोट है। इसके बावजूद कांग्रेस और भाजपा ने माली समाज को टिकट नहीं दिया, जबकि दोनों ही दलों में समाज के सक्रिय और योग्य व्यक्ति वर्षों से पार्टी का काम कर रहे है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में दो लोकसभा क्षेत्र में आने वाली करीब 15 सीटे है और जिनपर समाज के वोटों का बाहुल्य है और यह वोट निर्णायक साबित होते है।

जयपुर के फल एवं सब्जी थोक विक्रेता संघ मुहाना टर्मिनल के अध्यक्ष राहुल तंवर और राजस्थान प्रदेश माली महासभा के महामंत्री राजेश मावर ने बताया कि समाज के व्यक्ति को टिकट दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस में प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, स्क्रीनिंग कमेटी की चेयरपर्सन कुमारी शैलजा सहित अन्य नेताओं को ज्ञापन दिया गया है और भाजपा में मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को ज्ञापन दिया है। समाज ने तय किया है कि एक–दो दिन में हमारा प्रतिनिधि मंडल कांग्रेस और भाजपा के नेताओं से दुबारा मिलेगा और टिकट की मांग उठाई जाएगी।

अगर इसके बाद भी राजनैतिक दल समाज को तवज्जों नहीं देते है तो तीसरा मोर्चा व नोटा की ओर रूख किया जायेगा। समाज की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# समाज की 151 प्रतिभाओं का हुआ बहुमान



जैतारण। शहर के प्राईवेट बस स्टैण्ड मालियों की बगीची में माली सेनी समाज जैतारण का तहसील स्तरीय प्रतिभावान सम्मान समारोह मुख्य अतिथि संपतराज कच्छवाहा के सानिध्य में संपन्न हुआ। जिसमें 151 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए कच्छवाहा ने कहा कि बिना शिक्षा के समाज का विकास संभव नहीं है। अमृतलाल सांखला ने इस अवसर पर कहा कि समाज के विकास में आपसी समरसता जरूरी है। माली सैनी समाज अध्यक्ष तुलसीराम गहलोत ने समाज की प्रतिभाओं के सम्मान की आवश्यकता जताई। समारोह को पूर्व अध्यक्ष नारायणलाल गहलोत, बगदाराम, सचिव अविनाश गहलोत, संपतराज तंवर, चंपालाल तंवर, श्याम ठकराल ने भी संबोधित किया।

**होनहाल प्रतिभाओं को दिया गोल्ड व सिल्वर मेडल**

इस सम्मान समारोह मे समाज की नींव होनहार प्रतिभाओं को कक्षा दशम व बाहरवीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वालों को भामाशाहों द्वारा गोल्ड व सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में चंपालाल सांखला, रामप्रकाश गहलोत, भैणाराम गहलोत, नेमीचंद गहलोत, सुरेश भाटी, नेनाराम भाटी, जवरीलाल भाटी, पार्षद मनीष सोलंकी, मनोज भाटी, रामस्वरूप भाटी, दिलखुश गहलोत, श्रीराम गहलोत, रामनारायण सेनी, जितेन्द्र बागड़ी, सुनील सांखला, राजूराम भाटी, अशोक गहलोत सहित अनेकों गणमान्य व्यक्तियों के अलावा समाज के सभी वर्गो ने भाग लिया।

# गणेश महोत्सव के तहत भजन संध्या का आयोजन







टोंक। गणेश महोत्सव के तहत शुक्रवार की रात्रि को भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर पंचकुईयां दरवाजा मालियों का मौहल्ला में भगवान लक्ष्मीनाराण मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें कई प्रसिद्ध कलाकारों ने अपने–अपने अंदाज मे भजन प्रस्तुत कर तडके तक श्रोताओं को डाटे रखा।

भजन संध्या का प्रारम्भ समिति के पदाधिकारियों द्वारा भगवान गणपति व भगवान श्रीलक्ष्मीनारायण की झांकी के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर एवं गायक डबल रंगीला ने गणेश वंदना के साथ किया । भजन संध्या कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माली (सैनी) समाज जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया, शिव सेना प्रमुख पांचूलाल सैनी, विशिष्ट अतिथि शिव सेना प्रदेश सदस्य रमेशचंद सैनी रहमानदिया, माली समाज टोंक तहसील अध्यक्ष मोहन लाल बागडी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सैनी (बबलू टैंकर), धर्मोत्थान सेवा समिति के कालूराम शर्मा, शम्भू शर्मा, भाजयुमो जिला मंत्री कालूराम सांखला, समाजसेवी विष्णु कुमार अजमेरा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कलमेश डाबाला रहे।

भजन संध्या में प्रसिद्ध गायक कलाकार धर्मराज गुर्जर ने माह महिनो राज चांदनी कान्हा म्हारा जिगर का टुगड़ा.., भोलो भालू कानूड़ो राधाजी की चुनर ले गयो रे... सुनाकर श्रद्धालों को भाव विभोर कर दिया, गायक हीरालाल ने म्हान नाच बारी आ गई तान गणपतजी का मेला मे...., भजनों की प्रस्तुत पर नृत्य कर श्रताओं से खूब तालियां बटोरी। वहीं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रस्तुति दे चुके नृत्य कलाकार सुरेश राव ने अपने नृत्य से श्रोताओं का मन मोहते हुये मैतो नांचू ली रे ढोला ठाकुर जिया का मेला में... भजन की प्रस्तुति देकर अपने नृत्य प्रस्तुत किया। श्रोताओं की फरमाईश पर सुरेश राव ने ओ रामजी बढ़ा दुरूख दीना तेरे लखन ने... पर नृत्य प्रस्तुति देकर तालियां बजाने को मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में कॉमेडियन गणपत राव और सत्यनारायण राव ने बीच–बीच में अपनी हास्य व्यंग्य कॉमेड़ी से श्रोताओं को हसा–हंसा कर लौटपोट कर दिया। इस अवसर पर भजन संध्या कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पांचूलाल सैनी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से हिन्दु समाज में धार्मिक कार्यक्रमों के प्रति जागरूकता आती है, लक्ष्मीनारायण मंदिर सेवा समिति जो पिछले 6 वर्षो से मंदिर में ऐसा आयोजन करने का बीड़ा उठाया है जो तारीफ योग्य है। कमलेश सिंगोदिया ने कहा कि समाज में ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी को धार्मिक प्रेरणा मिलती। आज समाज को ऐसे युवाओं की आवश्यकता है जो समाज के प्रति सेवा की रूची रखते हों।

सैनी वर्ल्ड इकानोमिक फोरम का उदयपुरवाटी में आयोजित हुआ अधिवेशन

# सैनी समाज को संख्या के अनुपात में मिले में भागीदारी – सुभाष सैनी



उदयपुरवाटी। सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के संस्थापक सुभाष सैनी ने कहा कि समाज को राजनैतिक सामाजिक आर्थिक व प्रशासनिक क्षेत्र में संख्या के अनुपात में भागीदारी मिले इसके लिए समाज के लोग एकजुट हो सैनी ने आज यहाँ गणपति मैरिज गार्डन रिसोर्ट उदयपुरवाटी में आयोजित सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के अधिवेशन मे मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे उन्होंने समाज को समय के अनुरूप चलकर मजबूत बनाने की आवश्यकता बताई।

उन्होंने कहा की समाज को संगठित करने के लिये बुजर्गो का मार्ग दर्शन लेकर समाज सेवियों व युवा वर्ग को काम करना होगा द्य उसी उद्देश्य को लेकर सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम संगठन का विगत 6 वर्षो पूर्व सत्र 2012–13 में गठन किया गया है। संगठन उद्धेश्यों के अनुरूप समाज का सभी क्षेत्रो में आगे बढ़ाने के लिये प्रयासरत है द्य उन्होंने कहा की संगठन का जो मुख्य उद्धेश्य है उसको पूरा करने के लिए समाज सेवी लोगो व समाज के युवा वर्ग को संगठन के साथ जोड़कर समाज के बुजर्गो का मार्ग दर्शन व अनुभवो का लाभ लेते हुये समाज के युवा वर्ग को संगठन से जोड़ते हुये जमीनी धरातल पर कार्य करते हुये समाज को सभी क्षेत्रो में आगे बढ़ाने के लिये प्रयास करना होगा। जिससे सैनी समाज भी अन्य समाजो की तरह आगे बढ़ते हुये अग्रिम पंक्ति में खड़ा होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागेदारी सुनिशिचित कर सके।

इस अवसर पर सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के राष्ट्रीय सह संयोजक पत्रकार बाबूलाल सैनी ने अधिवेशन में उपस्थित समाज के लोगों को संगठन का अर्थ , शक्ति, महत्व,व्यवहार, विशेषता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि जो व्यक्ति परिवार , संस्था एवं समाज समय के अनुसार अपने आप में परिवर्तन करते रहते है वे ही शिखर पर होते हैं। आज हमारे समाज को भी प्रगति के पथ पर अग्रसर होने के लिये अकेले चलने के बजाय समूह में चलने की बहुत आवश्यकता है। अन्य विकसित समाजों की पंक्ति में खडा करने के लिये समाज के लोगों का राजनीतिक क्षेत्र में आगे बढ़ना बहुत आवश्यक है, राजनीति क्षेत्र में आगे बढे़ बिना समाज का विकास संभव नहीं है आज जिन समाजों का राजनीति में वर्चस्व है वो समाज विकसित समाजों की श्रेणी में है ओर वो हर स्तर पर अपनी बात रखने में सक्षम होते है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठन को मजबूत करने के लिये लोगों में त्याग, सेवा, समर्पण, सहयोग ओर समयदान की विशेष आवश्यकता पड़ती है द्य समाज के लोगो को स्वयं से अहम् की भावना का त्याग करना होगा। जिस किसी भी व्यक्ति को समाज का नेतृत्व करने के लिये समाज के लोगों द्वारा अवसर दिया जाता है सभी समाज के लोगों को उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग की भावना से कार्य करना होगा जब ही समाज ओर वह संगठन आगे बढ सकेगा।

अधिवेशन की अध्यक्षता सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के झुन्झुनू जिलाध्यक्ष मोहन चुड़ीवाल ने की द्य अधिवेशन समाहरो में सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के प्रदेश मंत्री फूलचंद सैनी, रमेश चन्द सैनी रहमानदिया , उदयपुरवाटी सैनी समाज अध्यक्ष दौलतराम सैनी , पूर्व प्रधान भगवानाराम सैनी , एड़वोकेट रामनिवास सैनी ,पूर्व अध्यक्ष रामकरण सैनी , अजय तसीड़ ने भी सम्बोधित किया द्य अधिवेशन में मंच का संचालन सुरेन्द्र तंवर ने किया द्य अधिवेशन में सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम व समाज के सैकड़ो गण मान्य समाज बन्धु मौजूद रहे।

# 15वें प्रतिभा सम्मान समारोह में 215 सम्मानित



कुचेरा, नागौर। समाज मे शैक्षिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, सह शैक्षिक, राजनैतिक एवं आर्थिक क्षेत्र में युवा पीढ़ी को प्रगति पथ पर अग्रसर कर राजकीय केन्द्रीय सेवाओं में रोजगार हेतु प्रेरित करने व सुसभ्य व सुसंस्कृत नागरिक बनाकर मानव व प्राणी मात्र की सेवा की भावना को विकसित करने तथा सामाजिक सेवा के गुण पैदा करने के उद्देश्य से गत 18 वर्षो से नागौर जिले में प्रति वर्ष जिला स्तरीय आयोजन होता रहा है। सर्वप्रथम 35 प्रतिभाएं जिले भर से सम्मानित हुई थी जो परस्पर प्रतियोगिता की भावना उत्पन्न होने से मकराणा व कुचामन सिटी में संख्या 670 एवं 715 पहुंच गई।

इस वर्ष मुण्डवा महसील के कुचेरा नगर पालिका क्षेत्र में 15 वां नागौर जिला स्तरीय प्रतिभा अभिनंदन एवं समान चेतना समारोह का आयोजन 16 सितंबर को माली सैनी समाज भवन सब्जी मण्डी प्रांगण में माली संस्थान जोधपुर के अध्यक्ष पुखराज सांखला के मुख्य आतिथ्य में, सानन्द संपन्न हुआ। अध्यक्षता कोटा से पधारे जगदीश सैनी ने की। सैनी ने महात्मा ज्योति बा फूले के व्यक्तित्व से ओतप्रोत कविता पाठ प्रस्तुत कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

जिला समिति के मुख्य संरक्षक रविन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि जिले की कुल 215 प्रतिभाओं को मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं विशिष्ठ अतिथियों एवं जिले के तहसील अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने मेडल, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया।

जिलाध्यक्ष इंद्रतीत टाक ने बताया कि पूर्व में आयोजत किए गए जिला स्तरीय समारोह में भीड़ एवं प्रतिभाओं की संख्या में कमी देखी गई। समाज की गतिविधियों के आयोजन व संचालन में कुछ समाज विरोधी लोगों ने समारोह में विघ्न उत्पन्न करने, आयोजन रोकने हेतु गलत वाट्सअॅप करके एवं फोन से झुठी सूचनाएं देकर भ्रमित कर दिया था।

पुखराज सांखला ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे लोगों की बातों पर विश्वास नहीं करते हुए ऊँची व अच्छी सोच, श्रेष्ठ भावना व समाज की प्रगति, विकास एवं सुनहरे भविष्सय के निर्माण हेतु जो संस्था कार्य कर रही है समाज बंधु समय निकाल कर तन–मन–धन से सेवा दे रहे है वास्तव में वे ही सच्ची समाज सेवा कर रहे है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में 6 करोड़ की लागत से आई.ए.एस. एवं आर.ए.एस. परिक्षाओं की कोचिंग व तैयारी हेतु भवन निर्माण करवाना प्रस्तावित है। इसमें आप सभी सहयोग प्रदान करे।

समारोह में नागौर जिले से 2018 में आई.ए.एस. व आई.पी.एस. बनने वाली प्रतिभा सुश्री गरिमा पंवार डीडवाना एवं मेड़ता रोड़ निवासी राहुल भाटी को जब सम्मानित किया गया तब सभी ने करतल ध्वनि से उन्हें शुभकामनाएं व बधाई दी। समारोह में माली संस्थान के कोषाध्यक्ष धर्मसिंह गहलोत, बावड़ी से पूर्व प्रधान कालूराम सोलंकी, कोटा से सिंगर जगदीश माली, मकराणा तहसील अध्यक्ष नवरतनमल टाक, संगठन सचिव वीरसिंह सोंलकी, देवराज सोलंकी, पुष्पा टाक, कोशल्या सोलंकी, नागौर से कृपाराम गहलोत, रमेश सोलंकी, आनंद कच्छवाहा, बालकिशन भाटी, डीडवाना से ओमप्रकाश तंवर, छोटी खाटू से सोहनलाल सांखला, तिलोकचंद देवड़ा, रामगोपाल टाक, भंवर जादम, कालवा से डॉ रामसुख तुनवाल शंकरलाल जादम, धर्माराम सैनी, मेड़ता रोड़ से उम्मेदसिंह भाटी, रमेश सैनी, जसनगर से धर्माराम गहलोत, डेगाना से तहसील अध्यक्ष छोटूलाल गहलोत, भंवरलाल मरोठिया, थांवला से सैनी स्कूल प्रिसीपल मेवड़ा सरपंच डालाराम सैनी, तहसील अध्यक्ष खींवसर से जगदीश कच्छवाहा आदि को जिला समिति द्वारा माला साफा पुष्पहार एवं मोमेण्टो देकर अभिनंदन किया गया।

महासचिव नवरतनमली सोलंकी ने बताया कि समारोह में सहयोग देने वाले तहसील मुण्डवा अध्यक्ष रामकिशोर टाक, रामकुमार टाक, नेमीचंद भाटी रोल, मुकेश टाक, राधाकिशन सैनी डेगाना, हुक्माराम भाटी, रामकिशोर भाटी, रामबाबू टाक सुरेश टाक, छैलाराम बागड़ी, भंवरलाल चौहान को आर्थिक सहयोग एवं व्यवस्था में सराहनीय योगदान हेतु सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभाओं एवं अतिथियों हेतु भोजन महाप्रसाद की व्यवस्था जिला समिति की ओर से गुप्त समाज बंधु मकराना के द्वारा की गई। जिलाध्यक्ष टाक ने पधारे हुए अतिथियों का धन्यवाद देकर आभार प्रकट किया गया।

# मनोहर सांखला ने एशियाई गेम्स में जीता रजत

## मात्र पांच किलो वजन कम उठा पाने पर गोल्ड में चूके




जोधपुर, पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर के एएसआई और वेट लिफ्टर मनोहर सिंह सांखला ने मलेशिया में पेनांग में चल रही एशिया पैसिफिक मास्टर्स गेम्स 2018 में वेट लिफ्टिंग में 225 किलो वजन उठाकर रजत पदक जीतने में सफल रहे। महज पांच किलो वजन के अंतर से वो स्वर्ण पदक जीतने से वंचित रह गऐ।

सात सितंबर से पेनांग में शुरू हुई एशिया पैसिफिक मास्टर्स गेम्स में रविवार को वेट लिफ्टिंग में जोर आजमाइश हुइ। भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे जोधपुर के एएसआई मनोहरसिंह ने शानदार शुरूआत की और आगे बढते रहे। उन्होंने कुल 225 किलो वजन उठाकर रजत पदक जीतकर न सिर्फ देश, बल्कि जोधपुर व जोधपुर कमिश्नरेट पुलिस का नाम रोशन किया। इरान के वेट लिफ्टर ने सिर्फ पांच किलो अधिक वजन उठाकर गोल्ड मेडल जीता। वही मलेशिया के वेटर लिफ्टर को कांस्य पदक मिला।

**गोल्ड न मिलने से नाखुश मनोहर सिंह**

मलेशिया के पेनांग में रजत पदक जीतने के बाद राजस्थान पत्रिका से बातचीत में एएसआई मनोहर सिंह अपने प्रदर्शन में स्वर्ण पदक न जीत पाने को लेकर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वो अपने प्रदर्शन से खुश नहीं है। उन्होंने स्वर्ण के लिए पूरी तैयारी की थी। सभी मित्रों के साथ विभाग के अधिकारी उससे गोल्ड मेडल की उम्मीद लगाए हुए थे, लेकिन वो उनकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया। सिर्फ पांच किलो वजन कम उठा पाने से गोल्ड मेडल जीतने से वंचित रह गया। एक लिफ्ट में असफल नहीं होता तो स्वर्ण पदक से कोई नहीं रोक सकता था।

**पूर्व में भी जीत चुके है अंतराष्ट्रीय स्तर पर पदक**

वर्ष 2011 में लंदन में आयोजित कॉमनवेल्थ पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के आवेरऑल स्पर्धा में रजत पदक जीता। वर्ष 2017 में अमरीका के लॉस एंजिलिस में आयोजित पुलिस गेम्स में पुश/पुल स्पर्धा में रजत पदक जीता। राष्ट्र स्तर की प्रतियोगिताओं में चार स्वर्ण व एक रजत पदक।



# पेड़ वाले गजानन जी

कोटा। डॉ दुर्गा शंकर सैनी सामाजिक कार्यकर्ता व प्रदेश महासचिव की टीम ने पेड़ गमले में स्थापित कर मिट्टी से गणेश प्रतिमा का निर्माण किया इस प्रतिमा को निर्माण में 7 दिन का समय लगा 'विशेषता प्राकर्तिक पेड़ को गमले में स्थापित कर देशी मिट्टी से साफे वाले गणेश की प्रतिमा' का निर्माण किया गया ।

पर्यावरण रक्षा का संदेश के साथ ''पेड बचाओ ,जीवन बचाओ यही गजनान महाराज का आशीर्वाद है''

अनन्त चतुर्दशी जुलूस में पर्यावरण बचाने का संदेश देते 'प्राकृतिक व इकोफ्रेंडली पेड़ वाले गणेश जी महाराज झांकी' में श्रीमंगेलेश्वर व्यामशाल के साथ आकर्षण का केंद्र थी। पूरे 7 दिन से निर्माण कर बनाया।

विशेष प्रतिमा निर्माण में डॉ दुर्गा शंकर सैनी के साथ मिटी प्रतिमा निर्मण कारीगर मोहित, नाथूलाल पहलवान, सुनील गहलोत,सजावट कार्य मे शंकर लाल,सहित श्रीमंगलेश्वर व्यायामशाला के पहलवान जूट हुए है अनंत चतुरदेर्श जुलूस में श्री मंगलेश्वर व्यामशाल अखाड़े के साथ निकली।

पिछले कई वर्षो से विशेष झांकी निकाली जा रही है जिसमे पूर्व में डेंगू वाले गणेश जी, 'गजनान एयर लाइन्स' , कोटा के जुलूस में चर्चित रही है इसी क्रम में वर्ष 2018 में पेड़ वाले गजानंद जी महाराज आकर्षण का केंद्र रहे। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण रक्षा,पेड़ बचाओ,जीवन बचाओ, है गणपति महाराज वही विराजते हैं जिस घर मे स्वछता हो,पेड हो।

डॉ दुर्गा शंकर सैनी सामाजिक कार्यकर्ता व श्री मंगलेश्वर व्यायामशाला द्वारा पेड़ वाले गणपति बाबा गजनान जी महाराज ...संदेश पर्यावरण रक्षा पैड लगाओ जीवन बचाओ धरती माँ बचाओ .....पेड़ है तो सृष्टि है।

# खेल जीवन का हिस्सा हैं :– रघुभाई माली




सिरोही। 63 वीं जिला स्तरीय अण्डर 14 क्रिकेट व तैराकी प्रतियोगिता 2018 के आयोजन स्थल राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय टांकरिया सिरोही के तत्वावधान में खेली गई क्रिकेट व तैराकी प्रतियोगिता के सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि रघुनाथ माली व सम्मानित अतिथि प्रवीण कंसारा जोरावर सिंह राठौड कृती डाबी प्रकाश बी. माली कैलाश कंसारा, महेन्द्र उमठ के साथ अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

आयोजन सचिव मय प्रधानाध्यापिका श्रीमती रेणु राठौड के अनुसार भाानदार रंगा रंग कार्यक्रम के साथ भव्य सम्मान व पुरुस्कार समारोह का आयोजन हॉटल बाबा रामदेव गार्डन में हुआ। अतिथि सम्मान एवं निर्णायक मण्डल का भाानदार स्वागत सतकार किया गया। भामाशाहो एवं प्रतिभाशाली खिलाडीयो को भी श्रेष्ठ ट्रोफियों और स्मृति चिन्ह से नवाजा गया। शानदार आतिशबाजी के साथ शामः 6 बजे समाप्त हुआ। प्रतियोगिता प्रतिवेदन संस्था प्रधान राठौड ने पढा और सभी प्रतिनियुक्ति निर्णायक विभागीय प्रतिनिधियो भामाशाहो और खेल प्रेमियों को धन्यवाद दिया।

मुख्य अतिथि श्री रघुनाथ माली ने सम्बोधन मे कहा कि खेल हमारे जीवन और संस्कृति का हिस्सा है आप कोई भी गतिविधियां करो जिसमें आनन्द की और परिणाम की अनुभूति होती है। बस नियमित अभ्यास करते रहै टांकरीया परिवार को धन्यवाद देता हुँ ऐसा शानदार आयोजक बहुत कम देखने को मिलता है। जहॉ श्रेष्ठ शिक्षक और देवडा जैसे शारीरिक शिक्षक लगे हुऐ है। बहुत – बहुत बधाईयॉ श्री प्रवीण कंसारा ने भी कहा की मेरा सौभाग्य है इतने सुन्दर और व्यवस्थित कार्यक्रम का हिस्सा बना। श्री मनोहर सिंह चारण bpc सिरोही ने इस समारोह को राष्ट्रीय प्रतियोगिता का समारोह घोषित किया। और कहॉ की मेरे जीवन का श्रेष्ठतम समारोह है।

**परिणाम :**

क्रिकेट खेल के विजेता सेन्ट पॉल्स सिरोही उपविजेता सेन्टपॉल्स शिवगंज तृतीय स्थान गिरधरविद्या मंन्दिर नांदिया और चर्तुथ स्थानिय विद्यालय रा. उ. प्रा. वि. टांकरिया जब की तैराकी के बालक बालिका के एक ही दल टांकरिया रहा। जिसे भी सांत्वना पुरुस्कारों से नवाजा गया। कार्यक्रम का संचालन मनोहर सिंह भाटी और स्थानीय विद्यालय के शारीरिक शिक्षक राजेन्द्र सिंह देवडा द्वारा शानदार किया गया।

अन्त में संस्था प्रधान श्रीमती रेणु राठौड ने एक बार सभी विशेषकर दल प्रभारी निर्णायक मण्डल और समस्त भामाशाहों को धन्यवाद दिया। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ गेदंबाज मंयक कुमार श्रेष्ठ बल्लेबाज छत्तर सिंह, प्लयर ऑफ द टूनामेन्ट कृष्णपाल सिंह रहे। जिनका अतिथियो द्वारा सम्मान किया गया।





श्री सैनिक क्षत्रिय पूंजला नाड़ी संरक्षण व पर्यावरण विकास संस्थान के तत्वाधान पूंजला नाड़ी

# देवझूलनी एकादशी व त्रेरुड़ी का भव्य मेला, गणेश विसर्जन चलेगा 24 तक





जोधपुर। श्री सैनिक क्षत्रिय पूंजला नाड़ी संरक्षण एवं पर्यावरण विकास संस्थान के तत्वाधान में देवझूलनी एकादशी व त्रेरुड़ी का भव्य मेला भरा गया, जिसमें क्षेत्रवासियों ने भाग लेकर मेले की शोभा बढ़ाया।

कार्यक्रम संयोजक राकेश सांखला व कार्यक्रम संचालक प्रभारी जगदीश देवड़ा ने बताया कि देवझूलनी एकादशी व त्रेरूड़ी के शुभावसर पर क्षेत्र की करीब 60–70 महिलाओं ने तिरूड़ी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया, साथ ही पूंजला नाडी में समुद्र झिकोल के संस्कार को पूर्ण किया गया और अपने भाई से अर्क लेकर पूजा अर्चना गई। वही दूसरी और एकादशमी का पर्व धुमधाम व ढोल नगाड़ों के साथ मनाया गया, जहां एक तरफ बावड़ी व पूंजला क्षेत्र से ठाकुर जी महाराज की रेवाड़ी पूंजला नाडी पर पहुंची, जहां ठाकुर जी को स्नान करवाकर, उन्हें नये कपड़े पहनाये गये और आरती की गई, तत्पश्चात् पूंजला नाडी पर आई त्रेरूड़ी पूजन की महिलाओं से ठाकुरजी से आशीर्वाद, उसके बाद ठाकुर पुनः अपने स्थान की ओर रवाना हो गये।

कार्यक्रम में छंवरसिंह गहलोत, अशोक गहलोत, महेन्द्र सिंह सोलंकी, जगदीश देवड़ा, राकेश सांखला, हंसराज गहलोत, शेखर गहलोत, भंवर जोशी सदस्यों के साथ गणमान्य लोगों व क्षेत्रवासियों ने अपना भरपूर सहयोग दिया। कार्यक्रम संयोजक राकेश सांखला गणेश चतुर्थी पर पूंजला नाडी पर गणेश विसर्जन हेतु आने वाली मूर्ति के स्नान कर पास ही बने पूंजला नाडी पार्क में रखने का क्षेत्रवासियों से अपील की, ताकि जलीय जीवों को पानी के दूषित होने से बचाया जा सकें।

**श्री सैनिक क्षत्रिय पूंजला नाडी संरक्षण व पर्यावरण विकास संस्थान के तत्वाधान में जगदम्बा बाल निकेतन उच्च प्राथमिक विद्यालय, माता का थान द्वारा श्रमदान किया :** श्री सैनिक क्षत्रिय पूंजला नाड़ी संरक्षण एवं पर्यावरण विकास संस्थान के तत्वाधान में जगदम्बा बाल निकेतन उच्च मा . विद्यालय, माता का थान द्वारा पूंजला नाडी में विद्यार्थियों ने किया श्रमदान दान।

कार्यक्रम संयोजक राकेश सांखला व कार्यक्रम संचालक प्रभारी जगदीश देवड़ा ने बताया कि जगदम्बा बाल निकेतन उच्च मा . विद्यालय, माता का थान के प्रधानाचार्य लूम्बाराम जी देवड़ा के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने दिनांक 20.09.2018, देवझूलनी एकादशी व तिरूड़ी व दिनांक 24.09. 2018 गणेश चतुर्थी पर आयोजित होने वाले भव्य मेला में अपना सहयोग देते हुए आज पूंजला नाडी पर विद्यार्थियों द्वारा कंकड–कंटीले झाड़ियों को हटवाकर श्रमदान किया गया।

प्रधानाचार्य लूम्बाराम जी देवड़ा ने बताया कि संस्थान द्वारा पिछले कई महिनों के अथक प्रयासों द्वारा पूंजला नाडी पर साफ–सफाई की गई और इस पूंजला नाडी पर वृक्षारापेण कर इसे हरा–भरा करने के साथ एक सुरक्षा दिवार बनाकर पेड़ों के संरक्षण का का अपना संकल्प पूरा किया।

श्री सैनिक क्षत्रिय पूंजला नाडी संरक्षण व पर्यावरण विकास संस्थान के कार्यक्रम संयोजक राकेश सांखला, जगदीश देवड़ा कार्यक्रम संचालन प्रभारी, संरक्षक छंवरसिंह गहलोत, प्रधानाचार्य लुम्बाराम देवड़ा के साथ विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने श्रमदान द्वारा अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम संचालक जगदीश देवड़ा द्वारा विद्यालय परिवार को सधन्यवाद प्रेषित किया गया।



# माली सैनी संदेश के आजीवन सदस्यता सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासुदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा

श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़

श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, कुड़ी फार्म, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,

# विभिन्न कॉलेजों में समाज के विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई



सेठ नेतराम मघराज टिबडेवाल महिला महाविद्यालय से सोनू सैनी ने बनीं अध्यक्ष



कोटा यूनिवर्सिटी में दीपक सुमन बनें महासचिव



महारानी सुदर्शना कॉलेज बीकानेर से धनेश्वरी बनीं अध्यक्ष



चौमु से राजकीय कन्या महाविद्यालय से रजनी सैनी बनी उपाध्यक्ष



राजकीय संस्कृत मानपुरिया कॉलेज श्रीमाधोपुर से ममता सैनी अध्यक्ष पद पर विजय



राजकीय महाविद्यालय मंगलाना में संयुक्त सचिव पद पर पूजा तंवर विजयीं



किशनगढ़ महाविघालय अध्यक्ष् पद पर शुभम सैनी ने दर्ज की जीत

श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर
सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू(पं.समिति सदस्य), सुपुत्री श्री ढ़लाराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत
श्री मदनलाल (ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमाराम गहलोत, मथानियां
श्री लिखमाराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर
श्री रामनिवास पुत्र श्री पूनाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, जोधपुर
श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबूलाल सैनी, पीपाड़ शहर
सी. ए. श्री महेश पुत्र श्री आनंदीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमान सिंह गहलोत, हनुमान टेंट हाऊस, जोधपुर
श्री मयंक पुत्र श्री दीनदयाल देवड़ा, जोधपुर
श्री नित्यानंद पुत्र श्री धनसिंह सांखला, जोधपुर
श्री महेश पुत्र श्री अमरसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री कैलाश पुत्र श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर,
श्री भारतसिंह पुत्र श्री लिखमाराम कच्छवाहा, जोधपुर
श्री संदीप पुत्र श्री नृसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री धमेन्द्र पुत्र श्री संतोष सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री निर्मल सिंह (एस.ई.)पुत्र श्री भजनसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह कच्छवाहा(चैयरमेन, पीपाड़) पुत्र श्री पुखराज कच्छवाहा, पीपाड़
श्री अमृतलाल टाक पुत्र श्री चेनाराम टाक, बुंचकला, पीपाड़
श्री चांदरतन पुत्र श्री माणकचंद सांखला, बीकानेर
श्री कमलेश पुत्र श्री मुल्तान सिंह कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री सहीराम पुत्र श्री हिन्दुराम गहलोत, पीपाड़ शहर
श्री मनमोहन पुत्र श्री मनोहर सिंह सांखला, जोधपुर
श्रीमती कमला धर्मपत्नी श्री रमेशचंद्र माली, जोधपुर
श्री दशरथ पुत्र श्री विशन सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राजकुमार पुत्र श्री रतनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री मेवाराम पुत्र स्व. श्री नारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री हरीराम सोलंकी, जोधपुर
डॉ. हिरालाल पुत्र श्री मादुराम पंवार, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री किशनलाल सोलंकी, जोधपुर

# माली सैनी सन्देश










## ही क्यों ?

**क्योंकि**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

**क्योंकि**

**हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।**

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464,
log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

**कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरपुरा, जोधपुर**

## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

## सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियों आपको विगत 14 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

सदस्यता राशि

| दो वर्ष रु 400/- | पांच वर्ष रु 900/- | आजीवन रु 3100/- |
|---|---|---|

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन I/मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि (रूपये) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखें : – प्रसार प्रभारी

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर (राज।)

Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com
www.malisaini.org EAmail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

## जोधपुर के विकास पुरुष स्वर्गीय मानसिंह देवड़ा की 7वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि एवं रक्तदान शिविर की झलकियाँ











## कुचेरा नागौर माली समाज द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह की झलकियां









Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# हार्दिक बधाई



श्रीमती भाग्यश्री बनायत धिवरे (आई.ए.एस.) को महाराष्ट्र में **Director Sericulture** के पद पर पदोन्नति हो कर किया कार्य भार ग्रहण।



श्रीमान कपिल देव कुशवाहा को प्रथम प्रयास में ही 25 की आयु में ही सिविल कोर्ट न्यायाधीश में हुए चयनित होने पर।



डॉं प्रवीण गहलोत की पुस्तक को Springer International द्वारा किया गया प्रकाशित जो कि विश्व की टॉप 3 पब्लिकेशन है। डॉ प्रवीण गहलोत विश्व के टॉप लेखकों में हुए शामिल।



जोधपुर एम्स में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर सुरेन्द्र देवड़ा (हृदय रोग विशेषज्ञ) के एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर हुआ प्रमोशन होने पर।



डॉ.वीरेंद्र भाटी की पुस्तक "घरेलू हिंसा" लेखन राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित।
मिलेगा 50,000 का पुरस्कार।



आँचल सैनी का राष्ट्रीय मुक्केबाजी में स्वर्ण पदक जीत कर घर पहुँचने पर किया गया भव्य स्वागत।



प्रकाश सतरवाल सैनी कुआलाम्पुर मलेशिया में आयोजित इंटरनेशनल कराटे ओपन चैंपियनशिप में एक गोल्ड और एक ब्रोंज मेडल जीत देश और समाज का मान बढ़ाया।

हार्दिक बधाई

स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस
सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR


log on : www.malisainisandesh.com; www.malisaini.org